## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर द्वारा छिंदवाड़ा जिले का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर से संयुक्त संचालक श्री अरुण कुमार इंगले एवं संभागीय व्यावसायिक समन्वयक श्री मनोज काशिव द्वारा आज छिंदवाड़ा जिले का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था, व्यावसायिक शिक्षा गतिविधियों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। निरीक्षण की शुरुआत छिंदवाड़ा एवं परासिया विकासखंडों के उन विद्यालयों से की गई जहाँ व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत "ऑन द जॉब ट्रेनिंग" संचालित की जा रही है। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर प्रशिक्षण की उपयोगिता, रोजगारोन्मुख कौशल तथा भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों को समझाया गया कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता एवं व्यावसायिक दक्षता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### 59 परिवारों को दी 2 लाख 95 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** हर जरूरतमंद की सहायता करने के लिए हरदम तैयार रहने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से लगातार सहायता राशि उपलब्ध करा रहे है। सांसद श्री साहू उनके समक्ष अर्जी लगाने वाले लोगों को जहां अपनी स्वेछानुदान निधि से सहायता राशि स्वीकृत कर रहे है वहीं कई लोगों को व्यक्तिगत तौर पर सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू ने 59 परिवारों को अपनी स्वेछानुदान निधि से 2 लाख 95 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को सांसद कार्यालय पहुंचते ही जरूरतमंदों को अपनी सांसद निधि की स्वेच्छानुदान मद से सहायता राषि के चैक वितरित किए है। सांसद बंटी विवेक साहू इसके पूर्व भी सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा सहित पांढुर्णा दौरे के दौरान सैंकड़ों हितग्राहियों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से लाखों की सहायता राषि दे चुके है।

## कांग्रेस के नेतृत्व में सिंगोड़ी बस स्टैंड पर चक्काजाम

# तीन महीने से पानी को तरसे ग्रामीण

### उग्र प्रदर्शन के बाद हरकत में आया प्रशासन, जनपद सीईओ ने मौके पर पहुंचकर लिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

भीषण गर्मी के बीच पिछले तीन महीनों से जल संकट झेल रहे सिंगोड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार शनिवार को फूट पड़ा। क्षेत्र के 10 से 12 वार्डों में लंबे समय से बंद पड़ी नल-जल योजना और पेयजल आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में सिंगोड़ी बस स्टैंड पर चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द पानी उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन के चलते कुछ समय तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



#### बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे लोग

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया हुआ है, लेकिन प्रशासन और पंचायत इस गंभीर समस्या को लेकर लगातार उदासीन बने हुए हैं। नल-जल योजना पूरी तरह ठप होने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों और पंचायत को समस्या से अवगत कराया गयाद्ध।, लेकिन केवल आश्वासन दिए गए। जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा।

#### चक्काजाम से थमा यातायात

मौके पर पहुंची पुलिसबस स्टैंड पर चक्काजाम की सूचना मिलते ही सिंगोड़ी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमरवाड़ा जनपद पंचायत के सीईओ जयदेव शर्मा स्वयं धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल जल व्यवस्था बहाल करने की मांग की। धरना स्थल पर पहुंचे जनपद सीईओ जयदेव शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन समस्या के समाधान को लेकर गंभीर है। उन्होंने ग्राम पंचायत को तत्काल प्रभावित वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके।

#### कांग्रेस ने प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन और पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि यदि समय रहते समस्या का समाधान किया जाता तो ग्रामीणों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ती। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में जल व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूदइस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस के वहीद मिस्किनी, आशीष पटेल, विनोद सिंगोरे, आशिफ भाई गुड्डू, सुनील पांडेय, विनोद चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, पवन विशोपिया, पप्पू साहू, आहद भाई, रामकुमार मालवी, मारीफ भाई, नावेद बाबू, माया बाई, तिलको बाई, अईयान भाई, इकबाल, शेहजाद, आशु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बस स्टैंड पर आवारा सांडों की भीषण लड़ाई से मची अफरा-तफरी

### पंचायत की लापरवाही पर उठे सवाल, हरिभूमि की खबर झुठ लाने पर आमदा पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

नगर में लगातार बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या अब लोगों के लिए गंभीर खतरे का कारण बनती जा रही है। शनिवार शाम तामिया बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब दो आवारा सांड अचानक आपस में भिड़ गए। दोनों सांड काफी देर तक बस स्टैंड परिसर और मुख्य सड़क पर उग्र होकर लड़ते रहे।

इस दौरान यात्रियों, दुकानदारों और राहगीरों में भय का माहौल बन गया तथा लोगों को अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। घटना के चलते कुछ समय के लिए बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्था और भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों सांड इतने आक्रामक थे कि



आसपास खड़े लोग उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। लड़ाई के दौरान सांड सड़क पर दौड़ते हुए कई वाहनों से टकरा गए, जिससे कुछ दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बसों के आने-जाने में भी बाधा उत्पन्न हुई और यात्री भयभीत होकर सुरक्षित स्थानों पर खड़े नजर आए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते लोग वहां से नहीं हटते तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती थी। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।नगरवासियों का कहना है कि तामिया के साप्ताहिक बाजार, बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर रोजाना बड़ी संख्या में आवारा पशु घूमते रहते हैं। बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों को हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। कई बार आवारा सांड आपस में लड़ पड़ते हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है।स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि पंचायत को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा केवल औपचारिकता निभाई जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। हरिभूमि द्वारा इस समस्या को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है, लेकिन पंचायत सचिव इन खबरों को झूठा साबित करने में लगे हुए हैं। जबकि शनिवार की घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है।

## दमुआ क्षेत्र में रेत परिवहन करते डंपर पर खनिज विभाग की कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिंदवाड़ा की टीम द्वारा गत दिवस कार्रवाई करते हुए दमुआ क्षेत्र में रेत के परिवहन में संलिप्त एक डंपर क्रमांक MP28H1864 को जप्त किया गया। जप्त वाहन को आगामी जांच एवं कार्यवाही के लिये थाना दमुआ की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर आगामी कार्यवाही के लिये कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## शहर के ग्रामों में अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी की दबिश, महुआ लाहन एवं कच्ची शराब बरामद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत्त क्रमांक-1 के आबकारी अमले द्वारा शनिवार सुबह छिंदवाड़ा से लगे ग्राम माल्हनबाड़ा, पखड़िया एवं सरसबाड़ा में दबिश कार्रवाई की गई। दबिश के दौरान घरों एवं नाले के किनारे प्लास्टिक कैनों में भरा लगभग 250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे विधिवत नष्ट कराया गया। साथ ही 10 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची शराब भी जब्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कुल 3 प्रकरण दर्ज कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं (च) के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. मरावी, आबकारी आरक्षक श्री राजकुमार सैयाम एवं श्री जगदीश प्रसाद डहरवाल उपस्थित थे।

## अमरवाड़ा एवं आसपास के ग्रामों में आबकारी विभाग की दबिश, 4 प्रकरण दर्ज



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत्त अमरवाड़ा द्वारा स्थानीय क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामों में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई। आबकारी टीम ने शिवानी कॉलोनी, चौरई रोड सहित ग्राम किशनटोला, अकलमा, लहगडुआ, हिर्रीपठार एवं धसनवाड़ा में दबिश देकर घरों में अवैध रूप से तैयार की जा रही कच्ची शराब के लिए ड्रमों एवं डिब्बों में रखे लगभग 500 किलोग्राम महुआ लाहन को बरामद किया। मौके पर लाहन के सैंपल लेकर शेष सामग्री को नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब भी जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34-1(क) के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सुश्री वैशाली भगत, आबकारी उप निरीक्षक सुश्री पूर्णिमा वरकड़े, आबकारी आरक्षक श्री श्याम शर्मा तथा थाना अमरवाड़ा के आरक्षक उपस्थित थे।

## चौरई आबकारी टीम की दबिश, 15 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 600 कि.ग्रा.महुआ लाहन जब्त



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत्त चौरई अंतर्गत ग्राम बंदी तथा सिहोरा में दबिश कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 02 आपराधिक प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में कुल 15 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 600 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया गया। आबकारी अमले द्वारा महुआ लाहन का सैंपल निकालकर शेष लाहन को निर्मूल्य होने से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान आबकारी वृत चौरई का समस्त अमला उपस्थित था।

## सीएमएचओ ने माइकिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई 2026 के अवसर पर "डेंगू नियंत्रण में जनभागीदारी: जांच करें, साफ करें, ढकें" थीम के अंतर्गत जिले में डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे ने प्रचार-प्रसार के लिये माइकिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। वहीं ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं तथा गांव स्तर पर घर-घर जाकर एडीज मच्छर के लार्वा को नष्ट करने संबंधी लार्वा विनष्टिकरण गतिविधियां संचालित की गईं।जनसमुदाय से अपील की गई है कि वे अपने घरों में रखे सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज ट्रे, टांके, टंकियां एवं पुराने टायरों की प्रति सप्ताह जांच करें कि उनमें एडीज मच्छर का लार्वा तो नहीं पनप रहा है। ऐसे पात्रों को खाली कर साफ-सफाई अवश्य करें। जिन बड़े पानी के कंटेनरों की सफाई या ढकना संभव न हो, उनमें प्रति सप्ताह मीठा तेल डालने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से मच्छरों के काटने से बचाव करने, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने, दिन के समय बच्चों एवं वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सुलाने, मॉस्किटो कॉइल के उपयोग तथा शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करने की अपील की है। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने तथा जिला चिकित्सालय एवं छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से जिले में डेंगू के प्रसार को समाप्त एवं कम करने में सहयोग करने की अपील की है।



## महात्मा गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपनाए: साहू




**छिन्दवाड़ा।** महात्मा गौतम बुद्ध के सिद्धांत उनके द्वारा दी गई नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षाओं पर आधारित है। जिसका मुख्य उद्देश्य मनुष्य को दुखों से मुक्ति दिलाना है। वही डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांत सामाजिक न्याय, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित है। उनके दर्शन का मूल मंत्र शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करो है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने चांद में महात्मा गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू सहित अन्य अतिथियों और बौद्ध संतों ने बौद्ध विहार चांद में गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि चांद में गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जाना चांद सहित संपूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव और गर्व की बात है। हमें आज महात्मा गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों और मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

## किसानों के बीच पहुंचे किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष

**अमरवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडलों का सघन प्रवास किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय किसानों, पार्टी पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।

प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ है और किसानों के हितों की रक्षा करना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## शहर में अवैध शराब के विरूध्द आबकारी की दबिश, 24 बोतल विदेशी मदिरा जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा शहर में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम आज दोपहर लगभग 3:30 बजे बस स्टैंड छिंदवाड़ा के पास एक संदिग्ध ऑटो की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान नेरोलेक पेंट के डिब्बों के बीच रखी दो बोरियों से विदेशी मदिरा बरामद की गई। प्रथम बोरी से 12 बोतल मेकडावल नं. 1 व्हिस्की एवं दूसरी बोरी से 12 बोतल ऑफिसर चॉइस व्हिस्की सहित कुल 24 बोतल विदेशी मदिरा जप्त की गई। मामले में



आरोपी जय सराठे के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, आरक्षक श्री लक्ष्मीचंद एवं श्री राजकुमार सैयाम उपस्थित थे।

## शनि जयंती पर शनि मंदिरों में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को शनि जयंती के अवसर पर छिन्दवाड़ा शहर में तहसील परिसर में स्थित शनि मंदिर और परासिया तामिया मार्ग के भीमसेन के शनि मंदिर सहित अन्य शनि मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। सांसद बंटी विवेक साहू ने तहसील परिसर छिन्दवाड़ा में स्थित शनि मंदिर में भगवान शनिदेव की आरती करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना की। शनि जयंती के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने मंदिरों में मौजुद श्रद्धालुओं को शनि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने भगवान शनि देव से प्रार्थना की है कि वे समस्त जिलेवासियों को सुख, समृद्धि और अच्छी सेहत का आर्शीवाद दे। सभी के जीवन की सभी बाधाएं दूर हो और सभी को अपनी मेहनत का उचित फल मिले। शनि देव के आर्शीवाद से सभी का जीवन अनुशासित और शांतिपूर्ण बना रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम चंद्रवंशी, सौरभ ठाकुर, राहुल बंटी उईके, प्रमोद शर्मा, विशवेन्द्र बैस, अरविंद राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।
शनि जयंती के अवसर पर परासिया में गणेश मंदिर के सामने से निःशुल्क वाहन सेवा खंडूजा ब्रदर्स द्वारा चलाई जा रही थीं। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष बल्लू नागी, इंद्रपाल साहू, श्रीचरण पटेल, शिवनाथ कन्नौजिया, जीत सिंह यादव उपस्थित रहे। खंडूजा ब्रदर्स के रिक्की खंडूजा, बंटी खंडूजा, ईशु खंडूजा आदि ने सांसद बंटी विवेक साहू का स्वागत किया।

## नकुलनाथ अपने पिताजी से पूछे बड़ी हुई महंगाई के बारे में: गरिमा

**छिन्दवाड़ा।** देश में महंगाई मनमोहन सरकार की देन है, मोदी सरकार ने हमेशा ही महंगाई पर नियंत्रण और जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाने का काम किया है। इसी का परिणाम है कि दो देशों के युद्ध के बाद जहा विश्व में त्राहि-त्राहि मची हुई है वहीं भारत में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और महंगाई पर नियंत्रण से देश की जनता राहत की सांस ले रही है। यह कहना है भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर का। उन्होंने शेख कमलनाथ और शेख नकुलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि मंदबुद्धि शेख नकुलनाथ बिना आकड़ें को देखे और जाने ही बेतुकी बयानबाजी करते रहते है। श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर ने कहा कि मनमोहन सरकार में अप्रैल 2004 से लेकर अप्रैल 2014 तक 10 वर्षों के बीच पेट्रोल की कीमतों में 114.4 प्रतिशत की वृद्धि एवं डीजल की कीमतों में 155.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। वहीं मोदी सरकार में अप्रैल 2014 से मई 2026 तक पिछले 12 वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में मात्र 33.3 प्रतिशत की वृद्धि एवं डीजल की कीमतों में मात्र 63.4 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस तुलना में देखे तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मनमोहन सरकार की तुलना में काफी कम वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पेट्रोल और डीजल की बढ़ी हुई कीमतों का बोझ आम जनता पर ना डालते हुए खुद ही वहन कर रही है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/ /लोनिवि/नपानि/2026-27 **- निविदा सूचना -** छिन्दवाड़ा दिनांक

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _507782_1 Dated 16/05/2026 | नगरीय निकाय हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में ट्यूबवेल/हेण्डपंप एवं हेड वर्क्स संचालन/संधारण कार्य में लगने वाली सामग्री को क्रय हेतु निविदा आमंत्रण | 1- 4000000<br>2- 12 माह | 1- 5000<br>2- 30000 | 15/06/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**

### कृषि वैज्ञानिक ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को देंगे तकनीकी जानकारी एवं ई-टोकन बुकिंग की सुविधा

# कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज दिनांक 16 मई 2026 को नगरपालिका अध्यक्ष श्री संदीप घाटोडे, नगरमंडल अध्यक्ष भाजपा श्री प्रकाश छगानी एवं एसडीएम सुश्री अल्का एक्का द्वारा विकासखंड में दिनांक 16 मई 2026 से प्रारंभ किये जाने वाले कृषि रथ को तहसील परिसर पांढुर्णा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्यपालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से खरीफ फसलों की बुआई के पूर्व प्रत्येक विकासखंड में दिनांक 16 मई 2026 से 10 दिवस के लिए कृषि रथ चलाया जा रहा है। यह कृषि रथ कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा निर्धारित रूटचार्ट अनुसार ग्राम पंचायतों एवं सेवा सहकारी समितियों में भ्रमण करेगा, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्यपालन एवं राजस्व विभाग के पटवारी उपस्थित होकर किसानों को तकनीकी जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

प्रत्येक विकासखंड में एक कृषि रथ 10 दिनों तक प्रतिदिन 3 से 4 ग्राम पंचायतों एवं सेवा सहकारी समितियों तक पहुंचेगा। कृषि रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रगतिशील किसान भी मौजूद रहेंगे, जो किसानों से सीधे रूबरू होकर खेती, उर्वरक, बीज, रोग एवं उत्पादन संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उर्वरक प्राप्त करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन "बलराम" का लॉन्च किया गया है, जिससे किसान स्वयं अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से बलराम एप्लीकेशन डाउनलोड कर उर्वरक प्राप्त करने के लिए ई-टोकन बुक कर सकते हैं। कृषि रथ में कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारियों द्वारा खरीफ पूर्व तैयारी की तकनीकी जानकारी, प्राकृतिक खेती की जानकारी, उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी, मृदा स्वास्थ्य के संबंध में मिट्टी नमूना लेकर मिट्टी की जांच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग करने, फसल विविधीकरण एवं समन्वित खेती (किसान भाई खेती के साथ उद्यानिकी एवं पशुपालन को अपनाने) द्वारा आय बढ़ाने आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। उक्त कृषि रथ शुभारंभ कार्यक्रम में नगरपालिका पार्षद श्री दुर्गेश ऊईके, एसडीएम सुश्री अल्का इक्का, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री विनोद लोखंडे, कृषि विस्तार अधिकारी श्री सुनील गजभिए, श्री राहुल सरयाम, श्री डी.आर. तुमदाम, एटीएम कुमारी शिवानी माहोरे, श्री किशोर डिग्रसे, श्री बी. बेले, श्री गोपाल भोजने सहित कृषि विभाग का मैदानी अमला एवं किसान उपस्थित रहे।

### वनमंडल कार्यालय पांढुर्णा में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना प्रशिक्षण संपन्न

पांढुर्णा। वन संरक्षक श्री कमल अरोरा वनवृत्त छिंदवाड़ा एवं वनमंडल अधिकारी पांढुर्णा के निर्देशानुसार आज दिनांक 16 मई 2026 को वनमंडल कार्यालय पांढुर्णा में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना के लिए वनमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री चंचल पंवार (प्रशिक्षु भा.व.से) उप वनमंडलाधिकारी पांढुर्णा द्वारा समस्त फील्ड स्टॉफ को गिद्धों की पहचान एवं संरक्षण के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल एप्लिकेशन एवं प्रपत्र में डेटा कलेक्शन करने हेतु भी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि आगामी 22 से 24 मई तक मध्यप्रदेश में गिद्ध गणना कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त परिक्षेत्र सहायक उपस्थित रहे।

### मनरेगा की जगह लेगा विकसित भारत जी राम जी अधिनियमः ग्रामीण रोजगार की नई इबारत

**जुन्नारदेव** -: भारत की ग्रामीण रोजगार नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव की घड़ी आ गई है। केंद्र सरकार ने 'वकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी **VB-G RAM G** अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है, जो 1 जुलाई 2026 से पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ लागू होगा। गू होगा। उसी तिथि से से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) निरस्त हो जाएगा, जो 2005 से देश के करोड़ों ग्रामीणों को आजीविका का सहारा देता रहा है। नया कानून सिर्फ राहत नहीं, बल्कि उत्पादक संपत्ति निर्माण और विकसित भारत **@**2047 के दृष्टिकोण को ग्रामीण विकास से जोड़ने की महत्वाकांक्षा लेकर आया है।'100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन हर ग्रामीण परिवार को मिलेगी 25% अधिक रोजगार गारंटी।ऱनए अधिनियम के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी, जो पहले मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन थी। यह गारंटी उन सभी ग्रामीण परिवारों को मिलेगी जिनके वयस्क सदस्य स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। जो परिवार पहले से मनरेगा जॉब कार्डधारक हैं और जिनका ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, उनके जॉब कार्ड नए 'ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक मान्य रहेंगे।रोजगार की मांग के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यदि नहीं मिला, तो श्रमिक बेरोजगारी भत्ते के हकदार होंगे- पहले 30 दिनों के लिए अधिसूचित मजदूरी दर का कम से कम एक-चौथाई और उसके बाद कम से कम आधा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर सीधे श्रमिकों के बैंक या डाकघर खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा। भुगतान में विलंब होने पर 0.05% प्रतिदिन की दर से मुआवजा देय होगा।

#### निर्बाध संक्रमणः मनरेगा से जी राम जी तक

सरकार ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा से **VB-G RAM G** में परिवर्तन पूरी तरह सहज और बाधारहित होगा। 1 जुलाई 2026 तक जारी सभी मनरेगा कार्यों को नए अधिनियम के अंतर्गत जारी रखा जाएगा और उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा ताकि सार्वजनिक संपत्तियां अधूरी न रहें। संक्रमण काल में रोजगार में किसी प्रकार की कटौती न हो, इसके लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पर्याप्त श्रम बजट उपलब्ध कराया गया है। रोजगार यथासंभव आवेदक के गांव से 5 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध कराया जाएगा। इससे अधिक दूरी पर काम देने की स्थिति में श्रमिकों को परिवहन व रहने के खर्च के लिए मजदूरी दर का अतिरिक्त 10% दिया जाएगा।

### कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का शुभारंभ

**जुन्नारदेव/केवलारी।** ग्राम केवलारी में आयोजित होने जा रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्राक्ष वितरण महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए ।कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल खेड़ापति मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश एवं श्रीमद्भागवत ग्रंथ लेकर नगर भ्रमण किया।कार्यक्रम में कथा वाचिका पूज्य देवी सौम्या (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा 15 मई से 21 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही विशेष रूप से रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का आयोजन भी रखा गया है।आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में निस्तारी तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण

**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत खेडीकला में निस्तारी तालाब में गहरीकरण कार्य जनभागीदारी से ग्राम आजनगाव, वाडेगाव एवं खेडीकला द्वारा संयुक्त रूप से सभी कृषकों के द्वारा किया जा रहा है। उक्त गहरीकरण कार्य का निरीक्षण प्रभारी जनपद पंचायत श्री विनय प्रकाश ठाकुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान तालाब गहरीकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया तथा जनभागीदारी से किए जा रहे इस कार्य की सराहना की गई। ग्रामीणों एवं कृषकों के सहयोग से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।



## एनएसयूआई परासिया ने किया शक्ति प्रदर्शन, जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की जिला अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी के परासिया आगमन पर एनएसयूआई परासिया द्वारा उनका ढोल-नगाड़ों, एवं फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, परासिया में किया गया, जहां एनएसयूआई की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक कांग्रेस समन्वयक बसंत मालवी द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम एनएसयूआई परासिया के ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस समन्वयक बसंत मालवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय ने कहा , कि एनएसयूआई सदैव छात्रों के अधिकारों की मजबूत आवाज रही है और संगठन निरंतर छात्र हितों के लिए संघर्षरत है। वहीं एनएसयूआई परासिया के ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी ने अपने संबोधन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, गांव-गांव तक विस्तार करने एवं छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु सतत प्रयासरत रहने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में जिला अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसयूआई भविष्य में भी छात्रों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी।

## स्वस्थ वृद्धत्व कार्यशाला का आयोजन, ग्राम पंचायत भमोडी का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत भमोड़ी में शनिवार को "स्वस्थ वृद्धत्व कार्यशाला" का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यशाला आधार फाउंडेशन एवं ग्राम पंचायत भमोड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों में पार्किन्सन डिजीज एवं मूवमेंट डिसऑर्डर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता, रोकथाम एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यशाला में प्रदेश संयोजक सर्वधर्म अहिंसा एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक जैन, आधार फाउंडेशन के संस्थापक महेश किन्थ, स्वस्थ वृद्धावस्था एवं पार्किन्सन रोग विशेषज्ञ सुश्री भूमेश्वरी धुबारे, वंदना यादव ने उपस्थित बुजुर्गों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम में 23 जनवरी को "एक संवाद वरिष्ठजनों के साथ" कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें बुजुर्गों द्वारा मूवमेंट डिसऑर्डर एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने रखी गई थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। गांव में वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने तथा नियमित स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक शनिवार को ग्राम पंचायत भवन भमोडी में विशेषज्ञ बुजुर्गों को मार्गदर्शन देंगे और स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनका सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। कार्यशाला में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा ग्रीष्मकाल मे पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल पात्र का वितरण किया गया।

### डाककर्मी से मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## मारपीट के विरोध में सहकर्मियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के सिवनी रोड पर शुक्रवार 15 मई को दोपहर लगभग डेढ़ बजे डाक बांटने निकले डाककर्मी से नशे में धुत पाँच युवकों ने घर में कैद कर जमकर मारपीट की है। घटना में डाककर्मी अनमोल पिता दर्शन पटले उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम आगरी घायल हो गए। डाककर्मी से हुई मारपीट की घटना के विरोध में शनिवार दोपहर 2 बजे कटंगी डाकघर में सहकर्मियों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की और कहा कि डाककर्मी पर हमला न केवल व्यक्ति विशेष पर बल्कि सरकारी सेवा पर भी हमला है। अगर, आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो उनके हौसलें बुलंद रहेगें। डाककर्मी अनमोल पटले ने बताया कि वह डाक बांट रहे थे, तभी उन्होंने सतीश हिरकने नामक व्यक्ति का पता आरोपियों से पूछा। एक आरोपी ने पहले कहा कि उसी की डाक है जब डाककर्मी ने डाक देकर हस्ताक्षर करने तो कहा तो उन्हें घर के अंदर चलने के लिए कहा गया जब डाककर्मी ने ऐसा नहीं किया तो दूसरे आरोपी ने डाककर्मी को सीधे घर के अंदर खींच लिया गया और दरवाजा बंद कर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जब डाककर्मी ने इसका विरोध किया तो उसके हाथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। इस दौरान डाककर्मी का मोबाइल भी छीन लिया गया और हाथ में रखी कुछ डाक सामग्री छिनकर फाड़ दी गई। किसी तरह डाक कर्मचारी ने अपनी जान बचाई और उपडाकघर पहुंचकर डाक निरीक्षण अधिकारी मुकेश सोनी और पोस्टमास्टर कन्हैया लाल कटौते को सूचना दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

इनके खिलाफ अपराध दर्ज डाककर्मी का दावा है कि उसके साथ 05 युवकों ने मारपीट की है किंतु थाने में दो के खिलाफ ही नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने रूपेश पिता आनंदराव हुमनेकर निवासी वार्ड क्रमांक 07, सिवनी रोड, कपिल पिता मनोहर देशमुख निवासी वार्ड क्रमांक 15 के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351(3), 3 (5) तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वीए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रथम चरण में 10 हजार प्रतिभागियों में पाया था पॉचवा स्थान

## नासा एजुकेशनल टुर (यू.एस.ए.) में सांदीपनि विद्यालय के छात्र मयंक मात्रे का हुआ चयन

### दूसरे चरण में 17 प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पाकर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के प्रतिभाशाली छात्र मयंक मात्रे कक्षा 12 वीं गणित संकाय (अंग्रेजी माध्यम) ने आईएसएससी 2026 इंटरनेशनल स्पेस साइंस काम्पीटिशन 2026 में ऑल इंडिया रेंक प्रथम प्राप्त कर ग्रेंड विनर का खिताब प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर छात्र का चयन फ्री नासा एजुकेशनल टूर यूएसए के लिए हुआ हैं। यह यात्रा संभवतः माह सितम्बर 2026 में प्रस्तावित हैं। यह प्रतियोगिता ग्लोबल स्पेस साइंस कॉम्पीटिशन बाय गो 4 गुरु द्वारा स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती हैं।

इस परीक्षा का प्रथम चरण राष्ट्रीय स्तर पर 08 अप्रैल 2026 को आयोजित किया गया था। जिसमें लगभग 10 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर केवल 17 छात्रों का चयन हुआ था, छात्र मयंक ने प्रथम चरण में एआईआर- पॉचवॉ स्थान प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता का द्वितीय चरण 15 मई 2026 को लॉइव ऑनलाईन टेस्ट, जिसमें स्क्रिन शेयर के माध्यम से अंतिम चयन टेस्ट आयोजित हुआ। जिसमें छात्र मयंक मात्रे ने एआईआर-प्रथम ग्रेंड विनर का खिताब प्राप्त किया। यह शिक्षण यात्रा (एजुकेशनल टुर) माह सितम्बर 2026 में होना संभावित है। जिसमें नासा स्पेस केनिडी स्पेस सेंटर ओरलन्डो इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी केम्पस विजिट, थीम पार्क एक्सप्रियेन्स, विजिट टू डिजनी स्प्रिंगस का भ्रमण निःशुल्क कराया जायेगा।

इसके अंतर्गत नासा स्थित उपग्रह सेंटर में उपग्रह अनुसंधान, परिचालन, विकास एवं असेंम्बिलिंग प्रक्रिया का अवलोकन प्रमुखता से कराया जायेगा। छात्र को वैज्ञानिक, नवाचार एवं अनेक तार्किक प्रचलन से रूबरू कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्र में वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण का विकास करना हैं। भ्रमण के पूर्व छात्र की पासपोर्ट एवं वीजा प्रक्रिया पूर्ण कराई जायेगी।

## मारपीट के बाद आत्मग्लानी में वृद्ध ने कीटनाशक का किया सेवन, हुई मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम अतरी में शुक्रवार की शाम को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की एक घटना के बाद आहत हुए वृद्ध की मौत का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद 61 वर्षीय वृद्ध सुरेश बिसेन ने कथित तौर पर आत्मग्लानी में आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को दोपहर 12 बजे शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को ग्राम अतरी में दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि विकेश पिता राधेश्याम गौतम ने वृद्ध सुरेश बिसेन से मारपीट कर दी। बताया जाता है कि इस घटना से आहत होकर सुरेश बिसेन ने शाम 08 घर पर ही कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन जब तक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक उनकी स्थिति बिगड़ चुकी थी। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कटंगी थाना पुलिस सक्रिय हुई। रात में ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने मारपीट की घटना और आत्महत्या के कारणों की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

**पीएम के लिए घंटों इंतजारः** मृतक के शव को शुक्रवार की रात ही लाया गया था बावजूद शनिवार दोपहर तक शव विच्छेदन गृह में पड़ा रहा। अस्पताल में स्वीपर न होने की वजह से यह स्थिति बनी और मृतक के परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने शुक्रवार रात को ही शव को अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया गया था। लेकिन अस्पताल में स्वीपर की अनुपस्थिति के कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। अंततः शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान परिजनों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। बता दें कि अस्पताल में लंबे समय से स्वीपर की कमी बनी हुई है, लेकिन जनप्रतिनिधि और अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उनकी लापरवाही के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल कटंगी को नई इमारत को मिल गई है किंतु चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी राज्य सरकार अब तक दूर नहीं कर पाई है। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी तो दूर की बात है कि नेताओं से स्वीपर तक की नियुक्ति नहीं हो पा रही है।

## सड़क नहीं मुसीबत का गड्ढा बन चुका चौंदाटोला- जूनेवानी मार्ग

### वर्षों से वादों की मरम्मत होती रही, सड़क की नहीं, अब फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, 7 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यज लांजी।



जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला से जूनेवानी तक जाने वाला करीब तीन किलोमीटर लंबा मार्ग आज प्रशासनिक लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुका है। वर्षों से बदहाल पड़ी इस सड़क ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन देकर पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। सड़क की बदहाली से नाराज ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सात दिन के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस सड़क को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार केवल खोखले आश्वासन ही मिले। हालात यह हैं कि सड़क पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक सुध लेने की जहमत नहीं उठाई।

यह सड़क करीब 12 से 13 गांवों को जोडऩे वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचते हैं। गड्ढों और फिसलन भरे रास्ते के कारण बच्चों की सुरक्षा हर दिन दांव पर लगी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनो में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। लोगो का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है, पिछले वर्ष एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान खटिया पर अस्पताल पहुंचाना पड़ा था। उस घटना के बाद सड़क निर्माण का भरोसा दिलाया गया, लेकिन प्रशासनिक फाइलों से आगे मामला नहीं बढ़ सका।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो चौंदाटोला-जंनेवानी के लोग बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे। भव्य धरना-प्रदर्शन और अनशन की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे और जनपद सदस्य दिनेश लाड़े भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर महेश मात्रे, गेंदलाल पंचाले, भक्तकुमार कावरे, ईश्वर नागफांसे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अब देखना यह है कि प्रशासन नींद से जागता है या फिर ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर उफान बनकर फूटता है।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को दी जा रही विषयों व सुविधाओं की जानकारी

**वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया 01 मई 2026 कॉलेज चलो अभियान द्वितीय चरण प्रारंभ हो चुका हैं। प्रवेश हेतु जागरूकता के लिए कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से सतत रूप से संपर्क किया जा रहा हैं तथा प्रवेश पंजीयन एवं महाविद्यालय चयन की जानकारी दी जा रही हैं। इसका मुख्य उद्देश्य समय पर विद्यार्थियों का पंजीयन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम/विषयों का चयन की जानकारी प्रदान करना हैं। साथ ही छात्रवृत्ति संबंधी विभिन्न योजनाओं (गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, मुख्य मेधावी योजना, संबल, पोष्ट मैट्रिक आदि अन्य) की जानकारी भी प्रदान की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्रायें योजनाओं से लाभांवित हो सके।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक 18 मई को आयोजित होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी द्वारा आगामी धार्मिक पर्वों एवं आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशानुसार यह बैठक 18 मई 2026 को शाम 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में आयोजित होगी। बैठक में आगामी ईदुजुहा (27 मई), महाराणा प्रताप जयंती (17 जून), कबीर जयंती/छठा उत्सव तथा मोहर्रम आदि पर्वों के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में पुलिस, राजस्व, नगर पालिका, स्वास्थ्य, विद्युत, वन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर आवश्यक समन्वय बनाए रखने की अपील की गई है।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन सुचारू रूप से जारी, किसानों को 375 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 78 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।
जिले में इस वर्ष 54 हजार 96 किसानों का पंजीयन किया गया है। उपार्जन प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 44 हजार 281 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई, जिनमें से 31 हजार 181 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया है। जिले में अब तक कुल 2 लाख 41 हजार 585.70 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए तौल, परिवहन, भंडारण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों को भुगतान प्रक्रिया भी लगातार जारी है। अब तक 375.49 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खातों में सफलतापूर्वक अंतरित की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में समर कैंप का समापन

**रंगारंग संगीत नृत्य की प्रस्तुतियां-प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने सीखे हुए कौशल का किया प्रदर्शन**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में एक मई 2026 से संचालित समर कैंप का समापन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह विद्या भारती महा कौशल प्रांत के प्रादेशिक सह सचिव नितिन चौधरी, विद्या भारती जिला सिवनी के जिला सचिव विनीत अग्रवाल, संस्था व्यवस्थापक नृपेश ठाकुर, सह व्यवस्थापक संदीप मोरघडे, दैनिक संवाद कुंज से श्रीमती मंजुला कौशल, डॉ. आशुतोष गौर, जन शिक्षक श्री पंकज तिवारी, योगाचार्य श्री भगवान दास आधवान के आतिथ्य में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत श्री प्रकाश गुप्ता एवं श्री कृष्ण मुरारी दुबे ने किया। आयोजन के क्रम में समर कैंप के विषय में विस्तृत जानकारी संस्था प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव ने रखते हुए बताया कि 15 दिवसीय समर कैंप में योग, प्राणायाम, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, स्केटिंग, विभिन्न भारतीय खेल, मूर्तिकला, चित्रकला, कर्सिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश, मैजिक मैथ्स, मेहंदी संगीत नृत्य कम्प्यूटर आदि विभिन्न विधाओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।उपरोक्त समर कैंप में सिवनी नगर के 40 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# साइबर ठगों ने रिटायर्ड शिक्षक को बनाया निशाना, खाते से लाखों पार

**जिले के कुरई थाना क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त शिक्षक के बैंक खाते से लाखों रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दिए जाने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से वे लगातार थाना और बैंक के चक्कर काटने को मजबूर हैं।**




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार चांदनी चौक कुरई निवासी 75 वर्षीय दुर्गाप्रसाद वामने के एसबीआई बारापत्थर शाखा स्थित खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए लाखों रुपये निकाल लिए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित ने कभी यूपीआई, फोन-पे या अन्य ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का उपयोग नहीं किया, इसके बावजूद उनके खाते से कई बार रकम ट्रांसफर हो गई। पीड़ित के मुताबिक 21 अप्रैल 2026 को इलाज के लिए उनके खाते में करीब पांच लाख रुपये जमा किए गए थे। इसके बाद 30 अप्रैल से 9 मई के बीच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से रकम निकाल ली गई। जब वे बैंक पहुंचे तो खाते में केवल 19 रुपये 73 पैसे शेष मिले।
पीड़ित का आरोप है कि खाते से राशि निकलने के दौरान उन्हें कोई ओटीपी या बैंक अलर्ट प्राप्त नहीं हुआ। मामले की शिकायत कोतवाली थाना सिवनी में लिखित रूप से दी गई, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। वृद्ध शिक्षक पिछले दो दिनों से लगातार बैंक और थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। पीड़ित ने बताया कि हाल ही में उनकी पत्नी का निधन हुआ है, जिससे वे पहले से मानसिक तनाव में हैं। अब जीवनभर की जमा पूंजी निकल जाने से वे पूरी तरह टूट चुके हैं। इस घटना ने बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था और साइबर सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के मामलों में अब ठग बिना खाताधारकों की जानकारी के भी रकम पार करने में सफल हो रहे हैं।
विशेषज्ञों के अनुसार खाताधारकों को अपने मोबाइल नंबर, बैंक अलर्ट और केवाईसी जानकारी हमेशा अपडेट रखनी चाहिए। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जानकारी मिलते ही तुरंत बैंक, साइबर सेल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। पीड़ित दुर्गाप्रसाद वामने ने प्रशासन और पुलिस से जल्द एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उनकी मेहनत की जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग की है।

# गोपालगंज क्षेत्र में मोटर लीड चोरी से किसान परेशान, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**सिवनी/जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालगंज एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही मोटर लीड चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।**

किसानों का आरोप है कि अज्ञात चोर कुओं एवं तालाबों में सिंचाई के लिए लगी विद्युत मोटरों की लीड चोरी कर रहे हैं। इस संबंध में किसानों द्वारा




लखनवाड़ा थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई, लेकिन आज तक न तो मामले की गंभीर जांच हुई और न ही चोरों का कोई सुराग मिल सका।
ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के कई किसान चोरी की घटनाओं से प्रभावित हुए हैं। इनमें राजकुमार उईके, अतरलाल धुर्वे, बबलू अवधिया, अशोक चंद्रवंशी, राजाराम पंचेश्वर, मुन्ना पंचेश्वर, मदन अवधिया, भाकू चंद्रवंशी, केवल प्रसाद मर्सकोले, रामप्रसाद, प्रेमलाल उईके एवं जमुना चंद्रवंशी सहित अन्य किसानों की मोटर लीड चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं सिंचाई कार्य प्रभावित होने से खेती-किसानी पर भी असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि रात के समय क्षेत्र में पुलिस गश्त पर्याप्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आक्रोशित किसानों ने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने एवं आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# खूनी सड़क पर फिर एक मौत

सिवनी बालाघाट की खस्ताहाल सड़क पर आऐ दिन दुर्घनाऐ और दुर्घटनाओ मे मौत अब सुनने और देखने की लोगो की आदत सी बन गई है चूकि न जाने इस खूनी सडक ने कितने घर तबाह कर दिये और न जाने कितने परिवार के सदस्यो के सिर का साया उठ गया।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी बालाघाट रोड की जर्जर सडक पर आज फिर एक मारूति वैन बेहरई के धनई नाले के समीप अनियंत्रित होकर पेड जा टकराई दुर्घटना इतनी भीषण थी मारूति वेन के परखचे उड़ गये वैन मे सवार दो युवको मे एक ने तो मौके पर ही दम तोड दिया तथा दूसरा युवक जिन्दगी और मौत से लडने की स्थिति मे आकर खडा है दोनो युवक कान्हीवाडा भोमा के बताये जा रहे है।

**कब थमेगा दुर्घटनाओ मे मौत**



**का सिल सिला** - सिवनी बालाघाट रोड की जर्जर स्थिति

तथा आवागमन का बढते दबाव के चलते इस रोड मे आये दिन दुरघटनाऐ घटित हो रही है और लोग काल के गाल मे समा रहे है मुख्य मन्त्री मोहन यादव की घोषणा को भी दो वर्ष बीत चुके है किन्तु अब तक सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दील होने की शुरूआत नही हो पाई और न जाने सिवनी बालाघाट रोड की खूनी सडक कितनी जिन्दगी या और तबाह होती है।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का किया भव्य अभिनंदन



सिवनी। शनिवार सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर जी का भव्य अभिनंदन किया गया ।आज भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) प्रदेशाध्यक्ष श्री श्याम टेलर जी का विधायक दिनेश राय मुनमुन के गृह निवास पर आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। लखनादौन आगमन के दौरान इस गरिमामय मुलाकात मे श्री राय ने श्री टेलर का शाल और श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।
विधायक निवास मे आयोजित आतिथ्य के समय प्रदेशाध्यक्ष श्री श्याम टेलर ने विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ स्नेह भोज ग्रहण किया और चर्चा किया। इसके उपरांत नगर के पप्पी लान मे श्री टेलर के सम्मान मे एक विशाल सत्कार समारोह मे विधायक दिनेश राय मुनमुन भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या मे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

## सडक़ हादसे मे एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस थाना उगली के अंतर्गत खैरी और मोहगांव के बीच एक सडक हादसे में यूवक की मौत गत दिवस घटी,पुलिस थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचर शव की शिनाख्त सोनेलाल पिता पंछी लाल मर्सकोले ऊम्र 40 निवासी कालीमाटी पुलिस थाना केवलारी के रूप में की गई, ए एस आई सुमेर चंद ऊइके से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव से ससुराल रतनपुर जाते समय घटना स्थल पर टर्निंग में तेज रफ्तार डिलक्स वाहन से अनियंत्रित होकर टकरा गया, टर्निंग में सीमेंट पिलर लगे हुये थे, जिससे टकरा गया हेलमेट ना पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट नाक और आंख में लग गई और दूसरे पिलर की मार पेट पर लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग कायम करके शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये केवलारी भेजने की कार्यवाही किया, मृतक का अंतिम संस्कार आज कालीमाटी थाना केवलारी में किया गया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सिवनी में जागरूकता अभियान शुरू

### जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने दिलाई डेंगू बचाव की शपथ, आमजन से सतर्क रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला अस्पताल सिवनी में डेंगू नियंत्रण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को डेंगू से बचाव की शपथ दिलाई गई। साथ ही आमजन से सतर्क रहने एवं मच्छरों की उत्पत्ति रोकने में सहयोग करने की अपील की गई।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि बारिश के मौसम में मच्छरों की उत्पत्ति बढने से डेंगू के मामलों में वृद्धि की संभावना बनी




रहती है। उन्होंने बताया कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने देना, साफ-सफाई रखना तथा बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डेंगू एक मछर जनित गंभीर बीमारी है, जिसकी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समयबद्ध कार्यवाही की जा रही है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित लार्वा सर्वे, स्त्रोत नष्टीकरण अभियान एवं आवश्यकतानुसार फॉगिंग कार्य कराने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। स्वास्थ्य संस्थाओं में डेंगू मरीजों की पहचान, उपचार एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था को मजबूत करने तथा आवश्यक दवाइयों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश डेहरिया, जिला अस्पताल से डॉ. पी. सूर्या (आरएमओ), डॉ. एस.के. सुरोठिया, डॉ. लोकेश चौहान एवं मेडिकल कॉलेज सिवनी से डॉ. नुमान हुसैनी, डॉ. नरेंद्रनाथ नामदेव (प्रोफेसर), संजय दुबे, अवनेश ठाकुर, राजेश चौकसे, आशुतोष तिवारी,अशोक गोवंशी,बी.नायक (मैट्रन),संतोष यादव,धनीराम ब्रोकर, सहित मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारी एवं शहरी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अजगर ने चीतल के शावक का किया शिकार

**सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की कर्माझिरी रेंज के जोड़ामुनारा क्षेत्र में एक अजगर ने चीतल के शावक का शिकार कर लिया। इस घटना का एक वीडियो भी शनिवार को सामने आया है, जिसमें अजगर शावक को निगलता दिख रहा है। घटना शुक्रवार दिन की बताई जा रही है।**



जानकारी के अनुसार, जंगल में गश्त कर रहे कुछ वनकर्मियों और पर्यटकों ने इस दृश्य को देखा। वीडियो में चीतल का शावक अजगर की पकड़ से छूटने के लिए संघर्ष करता दिख रहा है, लेकिन अजगर ने उसे मजबूती से जकड़ रखा था। कुछ ही देर में अजगर ने शावक को पूरी तरह निगल लिया।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर जहरीले नहीं होते, बल्कि वे अपने शिकार को कुंडली में कसकर उसकी सांस रोक देते हैं। इसके बाद वे शिकार को पूरा निगल जाते हैं। पेंच के जंगलों में भारतीय अजगरों की अच्छी संख्या पाई जाती है, क्योंकि यहां घने जंगल, जलस्रोत और वन्यजीवों की उपलब्धता उनके लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है।

## ईव्हीएम वेयर हाउस का कलेक्टर ने किया मासिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने ईव्हीएम वेयर हाउस बींझावाड़ा का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस में रखी ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयर हाउस में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीएल चनाप सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्व. ठाकुर हरवंश सिंह की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस द्वारा वृद्धजनों को फल वितरण किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र के कद्दावर नेता रहे स्व ठाकुर हरवंश सिंह की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस द्वारा वृद्धजनों को फल वितरण किया गया ।
मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मप्र सरकार में पूर्व त्रिविभागीय मंत्री रहे, मप्र के कद्दावर नेताओं में गिने जाने वाले स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की पुण्य तिथि कांग्रेस पार्टी द्वारा मनाई गई।
इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरण किया गया एवं स्व ठाकुर हरवंश सिंह को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद, जिला कांग्रेस के पूर्व महामंत्री रंजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहरिया, हस्ढ्ढ जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, आरिफ सफारी, दीप श्रीवास्त्री , आसिम मंसूरी, यश यादव, साजिद, अदनान खान सहित कांग्रेसी उपस्थित हुए।

## जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न

जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 अंतर्गत जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में 07 मई 2026 से प्रारंभ होकर 25 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही हैं।
इसी क्रम में शुक्रवार 15 मई को हायर सेकेण?डरी परीक्षा के संस?कृत विषय की परीक्षा जिले के 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। परीक्षा में कुल 10 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 10 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिले में नकल प्रकरण निरंक पाया गया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के सुचारु संचालन हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा की निगरानी हेतु गठित जिलास्तरीय उडनदस्ता दल में सहायक संचालक आर.पी. पाटिल, प्राचार्य श्रीमती सुनीता ओसवाल एवं श्रीमती कल्पना भार्गव द्वारा शासकीय मॉडल बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवनी एवं शासकीय उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवनी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखंड स्तरीय उडनदस्ता दलों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

### सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान के लिए 20 मई तक नामांकन आमंत्रित

# सुशासन, संस्कृति संरक्षण और विश्व मानव कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली स्मृति में सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान स्थापित किया गया है। यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता, सुशासन, दानशीलता, प्रजावत्सलता एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से स्थापित सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान की राशि 1 करोड़ 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके साथ ही 21 लाख रुपये का राष्ट्रीय सम्मान और पाँच-पाँच लाख रुपये के तीन शिखर सम्मान भी स्थापित किए गए हैं। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक गरिमा को विश्व मंच पर नई पहचान प्रदान करेगा। इच्छुक संस्थाएं एवं व्यक्ति 20 मई, 2026 तक सम्मान के लिए नामांकन भर सकते है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि सम्मान के लिए आवेदन एवं नामांकन प्रक्रिया शोधपीठ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रारंभ कर दी गई है। वेबसाइट पर सम्मान से संबंधित दिशा-निर्देश, पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं विभिन्न श्रेणियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मान,राष्ट्रीय सम्मान एवं शिखर सम्मान के लिए एक स्पीड रीड सारांश भी उपलब्ध है। इसमे हर पुरस्कार के अर्हताओं का उल्लेख है। सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान विश्व स्तर पर सक्रिय उन विशिष्ट व्यक्तित्वों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों जैसे सुशासन, न्यायप्रियता, प्रज्ञा, दानवीरता, संस्कृति-प्रेम, विज्ञान बोध एवं लोक कल्याण को अपने कार्यों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया हो। इस सम्मान की राशि 1 करोड़ 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है। सम्मान के लिए न्याय, दानवीरता, सुशासन, खगोल एवं योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, राजनय, आध्यात्म, विश्व मानव कल्याण, समाज अभ्युदय, अंतर्राष्ट्रीय भाईचारा, भारतीय संस्कृति के उत्थान, सामाजिक नवाचार, भारतीय दर्शन एवं वेदांत के प्रचार-प्रसार सहित जनकल्याणकारी कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भारत सहित विश्वभर के व्यक्ति अथवा संस्थाएँ आवेदन कर सकती हैं ।

### राष्ट्रीय सम्मान

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 21 लाख रुपये की राशि के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान न्याय, दानवीरता, वीरता, सुशासन, खगोल एवं योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राय वाङ्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र तथा रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। इन पुरूस्कारों के अतिरिक्त पाँच-पाँच लाख रुपये के तीन शिखर सम्मान भी स्थापित किए गए हैं।यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय विधि, खगोल एवं योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राय वाङ्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र एवं रचनात्मक जनकल्याणकारी कार्यों में विशिष्ट योगदान देने वाले भारत के सक्रिय व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को प्रदान किए जाएंगे।

## लाइट बंद कर रात में दौड़ रहा था डोरली के शुभम का ट्रैक्टर
# टेमनी-मोहरा मार्ग पर काल बनकर दौड़ा रेत से भरा ट्रैक्टर, बाइक सवार युवक की मौके पर मौत
### भिड़ंत में साथी घायल; ग्रामीणों ने भारी वाहनों पर नियंत्रण की मांग की

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेमनी-मोहरा मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की।



**लाइट बंद ट्रैक्टर की टक्कर से गई जान, डायल-112 ने संभाला मोर्चा:** मृतक की पहचान दुर्गा पिता कन्हैया ठाकरे, उम्र 42 वर्ष, निवासी भानेगांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दुर्गा ठाकरे अपने एक साथी के साथ बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम टेमनी के पास मोहरा रोड पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुर्गा ठाकरे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बाइक पर सवार उनका साथी भी हादसे में घायल हो गया। घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे की बताई जा रही है।ग्रामीणों ने जानकारी में बताया कि ग्राम डोरली निवासी शुभम नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर रेत से भरा हुआ था और उसकी लाइट बंद थी। रात के अंधेरे में दौड़ रहे इस ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सहायता कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 और एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट आबिद शेख तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभाला।

**शव सिविल अस्पताल भेजा, पुलिस जांच में जुटी; तेज रफ्तार और लापरवाही बना हादसे का कारण:** 108 एंबुलेंस की मदद से मृतक के शव को सिविल अस्पताल लांजी भेजा गया, जबकि घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लांजी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार, लापरवाही और रात में लाइट बंद कर ट्रैक्टर चलाना सामने आ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से टेमनी-मोहरा मार्ग पर भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने, रात में बिना लाइट के चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई तथा सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### योजनाओं में लापरवाही पर अधिकारियों को चेतावनी
# कटंगी में कलेक्टर ने ली खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने शनिवार 16 मई को कटंगी में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डी पी बर्मन भी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम कटंगी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अनुभाग स्तर पर सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि एसडीएम केवल राजस्व विभाग तक सीमित न रहें, बल्कि सभी विभागों की योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग करें।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सर्व शिक्षा अभियान एवं जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीयन शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल तथा सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का त्वरित वितरण कर पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि करने को कहा गया। कमजोर शैक्षणिक स्तर वाली शालाओं में 30 मई को एफएलएन मेला आयोजित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने बच्चों की बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा में पशुओं के एफएमडी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं कामधेनु योजना में कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित एव्हीएफओ को नोटिस जारी करने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

श्रम विभाग की संबल योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि श्रमिकों के पंजीयन, अंत्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह राशि के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। पंचायत सचिव अथवा पटवारी के प्रमाण-पत्र के अभाव में प्रकरण लंबित न रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने पर जोर दिया गया।

स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप से दर्ज कराने एवं उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए गए। सेलवा, बोपली, सिंगोड़ी, अगासी एवं सांवरी की एएनएम को गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए केवल शासकीय अस्पतालों में ही भर्ती कराया जाए। निजी अस्पताल में भर्ती कराने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, पंजीयन तथा पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की एंट्री में कम प्रगति पाए जाने पर कोसुंबा एवं महकेपार की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सीएचओ संयुक्त रूप से सप्ताह में कम से कम एक बार गांव का भ्रमण अवश्य करें।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री एवं नामांतरण प्रकरणों में कुछ पटवारियों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिनों में सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## ग्राम मेंढकी में तिल फसल का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने एवं मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) आधारित कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण एवं मार्गदर्शन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 16 मई को वारासिवनी तहसील की ग्राम पंचायत मेंढकी में कृषक नरेंद्र बिसेन के खेत का कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसान द्वारा वैल्यू चेन कार्यक्रम अंतर्गत बोई गई तिल फसल की स्थिति का अवलोकन किया। कृषक नरेंद्र बिसेन ने अपने एक एकड़ खेत में तिल की खेती की है, जिसमें वर्तमान समय में फलियां आना प्रारंभ हो गई हैं। अधिकारियों ने फसल की बढ़वार एवं गुणवत्ता को संतोषजनक बताते हुए किसान को आवश्यक तकनीकी सलाह भी प्रदान की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वैल्यू चेन कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को ऐसी फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनसे बेहतर आय प्राप्त हो सके। तिल एक महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग रहती है और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

### लस्सी-शेक समेत 7 नमूने जांच के लिए भेजे
# कटंगी चौपाटी में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट की टीम ने शनिवार को कटंगी के गंज चौक स्थित चौपाटी क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। ग्रीष्मकालीन खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच के दौरान विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए लस्सी, बादाम शेक, काजू शेक तथा पानीपुरी के पानी सहित कुल 7 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।



कार्रवाई के दौरान टीम ने महावीर आइसक्रीम, भैरवनाथ आइसक्रीम एवं कुल्फी, जैन चाट भंडार तथा इंडियन चाट भंडार सहित अन्य दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन भी परखा गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में ठंडे खाद्य एवं पेय पदार्थों का उपयोग बढ़ जाता है। ऐसे में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए विभाग द्वारा जिले की विभिन्न तहसीलों में लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खाद्य कारोबारियों से स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन करने की अपील भी की है।

## किसानों को समय पर बीज-उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश

**बालाघाट।** उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने शुक्रवार 16 मई को कटंगी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कृषि गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में खरीफ सीजन की तैयारियों, किसानों को आवश्यक कृषि संसाधन उपलब्ध कराने तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी उपस्थिति नियमित रूप से सार्थक एप्प के माध्यम से दर्ज करें तथा फील्ड स्तर पर सक्रिय रहकर किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

# ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत
### आलेझरी पंचायत के ग्राम रजेगॉव का रहने वाला है मृतक युवक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कायदी से होकर गुजरने वाले रेल्वे ट्रक पर एक 35 वर्षीय शनिवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आकर मौत की गोद में समा गया। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत आलेझरी के ग्राम रजेगावॅ निवासी 35 वर्षीय युवक जितेन्द्र पिता अमरलाल सरोते सुबह करीब 6 बजे अपने घर से शौच करने के लिए निकला था। लेकिन कुछ समय बाद घर वालों को उसकी मौत की खबर मिली।



बताया जाता है कि मृतक जितेन्द्र बिरसोला से वारासिवनी होकर तिरोड़ी जाने वाले ट्रेन नम्बर 68813 की चपेट में आ गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना कीजानकारी मिलने पर उसके परिजन व ग्राम वासी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए ट्रेन रुकी रही, उसके बाद वह अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

घटना की सूचना वारासिवनी पुलिस व जीआरपीएफ को मिलने पर दोनों ही विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुँची और मृतक के शव को रेल्वे ट्रेक से हटा कर उसका पंचनामा बनाया गया। उसके बाद वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

फिलहाल अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि मृतक युवक ने स्वयं आत्महत्या की या फिर वह अचानक ही ट्रेन की चपेट में आ गया था।

# कटंगी में अमृत-2.0 योजना के तहत विकसित बावन नाला तालाब का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर मृणाल मीना ने शुक्रवार 16 मई को कटंगी प्रवास के दौरान नगर के वार्ड क्रमांक-02 स्थित बावन नाला तालाब का निरीक्षण किया। अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे तालाब एवं उसके सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा नागरिक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान कटंगी नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कलेक्टर को बताया कि अमृत-2.0 योजना के तहत तालाब के सौन्दर्यीकरण, परिसर विकास तथा अन्य आवश्यक कार्यों पर अब तक लगभग 40 लाख रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। तालाब क्षेत्र को आकर्षक एवं उपयोगी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर श्री मीना ने तालाब परिसर का भ्रमण कर किए गए कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत-2.0 योजना के तहत विकसित किए जा रहे सार्वजनिक स्थलों का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान तालाब क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, हरियाली एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि तालाब परिसर को ऐसा विकसित किया जाए जिससे यह स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बालाघाट में शिक्षा सुधार की नई पहल, विनोबा ऐप से FLN कार्यक्रम को मिलेगी नई गति

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले में बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में ओपनलिंक्स फाउंडेशन द्वारा एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तकनीकी एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।**



इस पहल के अंतर्गत "विनोबा ऐप" को एक तकनीकी उपकरण के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह ऐप विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की निगरानी, मूल्यांकन तथा शिक्षकों के कार्य प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पहचान एवं सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। इससे शिक्षकों में कार्य के प्रति उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक प्रेरणा का वातावरण तैयार होगा। इसी क्रम में 14 एवं 15 मई 2026 को जिले के सभी 10 विकासखंडों में "विनोबा कार्यक्रम" एवं ओएमआर प्रक्रिया पर दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 2,120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 1,869 शिक्षक एवं 107 प्रधानाध्यापक शामिल रहे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का संचालन ओपनलिंक्स फाउंडेशन के 10 फैसिलिटेटर्स द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीपीसी, एपीसी तथा सभी बीआरसी एवं सीआरसी टीमों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से जिले में एफएलएन कार्यक्रम को नई गति मिलेगी तथा प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणना संबंधी क्षमताओं में अपेक्षित सुधार देखने को मिलेगा।

## राष्ट्रीय डेंगु दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित, डेंगु नियंत्रण को लेकर दिलाई गई शपथ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रीय डेंगु दिवस 16 मई 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय में डेंगु नियंत्रण, रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एमआई, एमटीएस, लैब टेक्नीशियन तथा जिला मुख्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डेंगु एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाने तथा डेंगु नियंत्रण संबंधी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को डेंगु, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सतत निगरानी, स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश प्राप्त हुए।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा ने जिले के समस्त एमआई एवं एमटीएस की बैठक लेकर डेंगु एवं मलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि संभावित प्रभावित क्षेत्रों में नियमित सर्वे, लार्वा जांच, फॉगिंग एवं जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं, ताकि बीमारी के प्रसार को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा डेंगु के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति बढ़ रही रुचि-विवेक पटेल
# मोहगांव खुर्द में भागवत कथा में शामिल हुए विधायक विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम मोहगांव खुर्द में पांच दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक धर्म पथिक राष्ट्रीय प्रवक्ता पूज्य श्री शैलेन्द्र कृष्ण जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक ने भगवान शिव जी, माता पार्वती और श्री कृष्ण के बारे में भक्तों को कथा सुनाते हुए बताया कि माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था। माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी। इसलिए भगवान भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती के साथ हुआ।



इस दौरान श्याम पटले, राजेंद्र बिसेन, राजकुमार चौधरी, महेश ठाकरे, संजय बिसेन, तानसेन बिसेन, दीनदयाल पटले, दुर्गेश बिसेन, झामसिंह बिसेन, कीर्ति बिसेन, शिव प्रसाद शरणागत, सुरेन्द्र बिसेन, दिकपाल बिसेन, नोकेश्वर बिसेन, धनेंद्र बिसेन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। प्रत्येक गांव में कथा का आयोजन होना चाहिए। इसका अनुश्रवण करने की अपने जीवन में आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इसका नतीजा है कि गांव में जगह-जगह हवन कथा का आयोजन किया जाता है। ग्राम में कोई भी कार्यक्रम हो, अपार भीड़ रहती है। यही भीड़ ग्राम में एकता बनाए रखती है। जिस क्षेत्र में भगवान का भजन, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। उस क्षेत्र में हमेशा सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। पूरा क्षेत्र और क्षेत्र के लोग खुशहाल रहते है। भगवान की कृपा गांव में बनी रहती है। जब भगवान श्री विष्णु ने विभिन्न रूपों में अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की रक्षा की, पापियों का संहार किया। वैसे ही हमें अपने समाज की रक्षा करनी चाहिए।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कलेक्टर से की चर्चा
## निर्माण कार्यो के लिए रेत उपलब्ध करवाने की मॉग की, कलेक्टर ने शीघ्र समस्या का निराकरण करने का दिया आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए रेत की मची त्राहि त्राहि को लेकर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद वारासिवनी के पार्षद/सभापति संदीप मिश्रा ने 16 मई को सुबह कलेक्टर मृणाली मीणा से मोबाईल पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान समय में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों एवं विकास संबंधित निर्माण कार्य भवन निर्माण कार्य आदि जारी है, लेकिन रेत की निकासी पर प्रतिबंध लगा होने के कारण रेत नहीं मिल पा रही है। जिससे सभी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। वहीं आगामी 15 जून तक मानसून आ जाने की प्रबल संभावना हैं। ऐसी स्थिति में भवन निर्माण कार्य के साथ-साथ बहुत सारे विकास के कार्य एवं अनेक विकास कार्य रेत की विकराल समस्या होने के कारण प्रारंभ नही हो पा रहे है।

उन्होंने बताया कि रेत की भीषण समस्या से आमजन एवं ठेकेदार जूझ रहे हैं, यदि कोई भी अपनी सुविधानुसार रेत प्राप्त कर लेता हैं, तो पुलिस, प्रशासन, खनिज शाखा के माध्यम से रेत के अवैध उत्खनन के नाम पर प्रकरण बना दिया जाता हैं। विभिन्न विकास से संबंधित निर्माण कार्य पूर्णतः ठप्प पड़े हुये हैं।

उन्होंने कलेक्टर मृणाल मीणा ने अनुरोध किया कि ऐसी स्थिति में अतिशीघ्र रेत की उपलब्धता करवा कर अविलम्ब समस्या का निराकरण किया जाये।

चर्चा के दौरान कलेक्टर बालाघाट ने श्री मिश्रा को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विभिन्न शासकीय व अशासकीय निर्माण कार्यो के लिए रेत की उपलब्धता हो जाये।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग
इलेक्ट्रिकल
सिविल
मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com